हरिभूमि
# जशपुर-रायगढ़ भूमि
बिलासपुर, शुक्रवार, 5 अप्रैल 2024
[ पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा ]

तापमान
अधिकतम 36.2 डिग्री
न्यूनतम 34.2 डिग्री

4
सर्किट हाउस के करीब अवैध व्यावसायिक कब्जे हटाने पहुंचा निगम अमला, समझाइश देकर लौटा



### अपनी चुन्नी को बनाया गले का फंदा
# मां की डांट से दुखी नाबालिग ने लगाई फांसी



अस्तपताल में उपस्थित परिजन।



प्रकरण की जांच करती पुलिस।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोतबा

जशपुर जिले में मोबाइल फोन को लेकर अब तक दर्जनों घटनाएं सामने आ चुकी है। ज्यादातर इसमें नाबालिक बच्चों को उनके कर्तब्यों का बोध कराना उनके माता-पिता के लिये चुनौती साबित हो रही हैं.और इन्ही बातों से नाराज होकर नाबालिग बच्चें गुस्से में आकर मौत को गले लगा लेते है।

मामला जिले के कोतबा चौकी क्षेत्र के ग्राम पंचायत पतराटोली में एक कक्षा 11वी में अध्ययनरत 16 वर्षीय नाबालिग छात्रा ने महज इतनी सी बात पढ़ाई करो मोबाईल फोन बाद में खेल लेना से नाराज होकर मौत को गले लगाना उचित समझा और गले में अपनी ही चुन्नी से फांसी का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली.अपनी मां की बातों से आहत होकर मौत को गले लगाने वाली बालिका कोतबा हाईस्कूल में कक्षा 11वीं में अध्ययनरत छात्रा है.जानकारी के अनुसार आज ही मृतिका की माता ने उसे कहा कि पहले पढाई करो बाद में मोबाईल फोन खेल लेना लेकिन वह क्षुब्ध होकर अपनी चुनरी से फांसी का फंदा बनाकर मौत को गले लगा ली। बरहाल मामले की जानकारी के बाद मार्ग कायम कर कोतबा पुलिस जांच में जुटी हुई है। शव का पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# नशे के विरूद्ध पुलिस का महाअभियान





जब्त शराब व पुलिस गिरफ्त में आारोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा जिले के सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को अवैध नशीली वस्तुओं के बारे में पतासाजी कर प्रभावी कार्रवाई करने निर्देश के परिपालन में थाना कांसाबेल व थाना सन्ना में कार्रवाई करते आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पहले प्रकरण में थाना कांसाबेल द्वारा मुखबिर की सूचना पर आरोपी गुड़ाकोनी सथईया उम्र 39 साल मूल निवासी टेकूलागुदेम जिला नलगोंदा (तेलंगाना) हाल-कांसाबेल के घर-आंगन में रखा नशीला ताड़ी विभिन्न जरकिन में 450 लीटर कीमती 18000 रूपए एवं बिक्री रकम 250 रूपए को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34(1)(घ), 34(2) आबकारी एक्ट का अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया है।

**खास बात**
- 1300 लीटर अवैध शराब जप्त

कांसाबेल के दूसरे प्रकरण में मोटर सायकल क्रमांक सीजी 14 एमएच-0311 से अवैध रूप से तस्करी कर ला रहे आरोपी 1-ईश्वर प्रसाद बेद उम्र 31 साल एवं 2-कृष्णा राम यादव उम्र 30 साल दोनों निवासी कुड़केलखजरी थाना कांसाबेल के कब्जे से अंग्रेजी शराब व्हीस्की एवं बीयर कुल 23 लीटर 340 एमएल कीमती 25000 रूपए एवं मोटर सायकल को जप्त कर उक्त दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी प्रकार थाना सन्ना द्वारा आबकारी एक्ट के 05 प्रकरणों में कार्यवाही कर पृथक-पृथक प्रकरण के आरोपीगण 1-पुरीमल राम उम्र 30 साल निवासी सन्ना के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब कीमती 1200 रूपए, 2-उर्मिला प्रजापति उम्र 28 साल निवासी मांझाटोली सन्ना के कब्जे से 13 लीटर महुआ शराब कीमती 1300 रूपए, 3- कलावती यादव उम्र 35 साल निवासी खूटाटांगर के कब्जे से 08 लीटर महुआ शराब कीमती 800 रूपए, 4- जगतपाल राम उम्र 33 साल निवासी कन्दराई के कब्जे से 10 लीटर महुआ शराब कीमती 1000 रूपए, 5- वेदप्रकाश यादव उम्र 25 साल निवासी मांझाटोली सन्ना के कब्जे से 11 लीटर महुआ शराब कीमती 1100 रू, कुल जप्ती 54 लीटर महुआ शराब कीमती 5400 रूपए जप्त कर सभी प्रकरणों में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुये आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। शशि मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक जिला-जशपुर (छग) ने जिला जशपुर के सभी थाना व चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ, सट्टा, एवं अन्य अवैध गतिविधियों की शिकायत मिलने पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है, सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही की जा रही है।

## अपर कलेक्टर ने ली राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन के मद्देनजर अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों की बैठक ली। उन्होंने निर्वाचन संबंधी जानकारी के साथ आदर्श आचार संहिता के पालन किए जाने वाले नियमों की जानकारी दी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने लोकसभा में पेयजल, दरी, पंखा, पंडाल, फूल गुलदस्ता, खाद्य सामग्री जैसे चुनाव से संबंधित रेट लिस्ट को लेकर चर्चा की। उन्होंने प्रचार सामग्री, वाहन संबंधी अनुमति हेतु अनुमति लेने कहा और प्रचार प्रसार के लिए प्रयुक्त की जाने वाले बैनर में मुद्रा एवं प्रति का उल्लेख अनिवार्य रूप से किया जाना आवश्यक है की जानकारी दी।

## जनहानि के पांच मामलों में 20 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ.रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के पांच मामलों में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 20 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। जिसमें फरसाबहार तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हार बहार निवासी गुरवारी बाई का सर्पदंश से 01 जुलाई 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के पति सैनाथ हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार फरसाबहार निवासी जगसाय राम भगत का कुआं के पानी में डुबने से 08 नवम्बर अक्टूबर 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के पत्नी सुधनी, गंडियाडीह निवासी कृष्ण कुमार सिदार का तालाब के पानी में डुबने से 20 जनवरी 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतक के निकटतम वारिस मृतक के माता रामवती सिदार, ग्राम झारमुण्डा निवासी चंचला बाई की कुआं के पानी में डुबने से 03 मई 2022 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका के माता खतकुरी बाई एवं ग्राम सहसपुर निवासी राधिका बसौड़ का नाला के पानी में डुबने से 03 अक्टूबर 2023 को मृत्यु हो जाने पर मृतिका के निकटतम वारिस मृतिका पिता राम साय हेतु 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।



थाने में बैठे शिकायतकर्ता।

# एसडीओ के खिलाफ कोतवाली में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ग्राम घोराघाट पोस्ट लोखंडी विकासखंड के मंजू भगत और सोमारी बाई ने कोतवाली में लिखित शिकायत दर्ज करवाई है,कि सीएसपीडीसीएल में पदस्थ एसडीओ आई खान ने उनसे दो लाख रुपए ट्रांसफर लगाने के नाम पर लिए हैं।

घटना कुछ ऐसी है कि घोरागाट की रहने वाली मंजू भगत व सोमारी बाई ने लोन लेकर प्रिया ज्योति फूड फैक्ट्री लगाना चाहती है। जिसके लिए मशीन चलाने के लिए 40 केवी का ट्रांसफार्मर लगाना चाहती है। बिजली विभाग में ट्रांसफार्मर लगवाने की सभी ओपचारिकता पूरी करने के बाद निवेदन किया की ट्रांसफार्मर लगाया जाए। बिजली विभाग में पदस्थ एसडीओ आई खान ने बताया की इस पर 4 लाख का खर्च आएगा। जब मंजू भगत ने कार्यालय आकार पैसे देने की बात कही तो खान ने कहा की मैं सर्वे करने आऊंगा तभी पैसे ले लूंगा। 20 दिसंबर को घोराघाट जाकर खान ने प्रार्थी से दो लाख रुपए सुरेश राम नायक, हसीना बाई, हीरालाल राम, व सुरेश राम के सामने लिए। प्रार्थी के द्वारा जब ट्रांसफार्मर लगाने की बात कही गई तो खान का कहना था की एक लाख तिरपन हजार तीन सौ दो रुपए का डीडी बनाकर कार्यालय में जमा करे। पूरे पैसे जामा करने के बाद भी पिछले चार महीने से खान द्वारा टाल मटोल किया गया। जब मंजू भगत द्वारा दिए गए दो लाख रुपए की रिसीव मांगने पर कहा गया की फाइल पास करने पर खर्च हो गया अब मुझे पचास हजार रुपए देने पर ही तुम्हारा काम हो पाएगा। जिला मुख्यालय के अधिकारी ही इस तरह के भ्रष्टाचार किया जाएगा तो बाकी जगहों पर अधिकारी क्या करते होंगे समझा जा सकता है।



**मामले की जांच की जाएगी**

अगर आई खान द्वारा किसी भी उपभोक्ता से ज्यादा पैसे लिया गया है या मांग की गई है तो जांच की जाएगी अगर आरोप सही पाया गया तो उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी। इस मामले में केवल डिमांड नोट में मांगी गई रकम ही जमा करानी होती है। इसके अलावा किसी तरह की कोई रकम नहीं ली जाती है।

**बीएन भगत,** कार्यपालन यंत्री सीएसपीडीसीएल जशपुर

# रौतिया समाज ने बख्तर साय व मुंडन सिंह की शहादत को किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय के शहीद बख्तर साय व मुंडन सिंह रौतिया के शहादत दिवस पर गुरुवार को रौतिया समाज ने शहीद दिवस मनाया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष ओमप्रकाश साय, प्रदेश कोषाध्यक्ष विद्याचरण सिंह, प्रदेश संगठन महामंत्री विजयबिहारी सिंह, जशपुर मंडल से मण्डल कार्यकारी अध्यक्ष बलराम राम, मण्डल सचिव अमित कुमार सिंह, मंडल कोषाध्यक्ष सूरज सिंह, अजय सिंह, शिवनाथ राम, बालकृष्ण सिंह विश्वनाथ सिंह, नंदकिशोर बैगा, रामकृष्ण, शुतुल राम, रवि राम, विजय सिंह समेत समाज के अन्य लोग शामिल हुए। उन्होंने वीर शहीदों को पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजली देकर नमन किया। इस अवसर पर रौतिया समाज ने शहीद बख्तर साय, मुंडन सिंह की शहादत को याद करते हुए उनके योगदान को याद किया। ओमप्रकाश साय ने बताया शहीद बख्तर साय नवागढ़ पतराटोली बांसदेव कोना और मुंडन सिंह पनारी जिला गुमला (झारखण्ड) के जमींदार थे। वे रिश्ते में आजा नाती थे। दोनों में देश प्रेम, समाज प्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी थीं।



शहीदी दिवस मनाते रौतिया समाज।

**अंग्रेजी सैनिकों को मार-काट कर किए थे धरासाई :** इतिहास के अनुसार 1812 ई में देश पर अंग्रेजों का हुकूमत चलता था। उनके खौफ से भारत देश भयभीत था। देश अंग्रेजों की गुलामी में थे। उसी दौरान अंग्रेजो ने वीर शहीद बख्तर साय नवागढ़ बासदेवकोना के पास कर वसूली के लिए अपना सैनिक भेजा। उस समय कर वसूल का विरोध कर वीरों ने अंग्रेजों का सिर धड़ से काट कर अलग कर दिया और उन्हें यह कहला भेजा कि हम भारत देश के वासी है तुम्हे कर नहीं देंगे। शहीद बख्तर साय व मुंडन सिंह से अंग्रेज हुकूमत थर्रा गई और भय से कांप उठे और उसके दमन के लिए अंग्रेज कैप्टन डोनल ने सैनिक लेकर बांसदेवकोना पहुंचे। शहीद बख्तर साय ने भी पहाड में अपना मोर्चा सम्भाला। उनके पास 500 सैनिक तथा अंग्रेजों के पास 5000 सैनिक थे। ⏭शेष पेज 4 पर

### महंत के बयान की निंदा और जमकर की नारेबाजी
# विवादित बयान पर भाजपा ने किया पुतला दहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

पीएम नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान देने वाले कांग्रेसी नेता चरणदास महंत का भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुतला दहन कर मुर्दाबाद का नारे लगाया।

- भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा महंत मांगे माफी

विवादित बयान का घोर निन्दा करते हुवे भाजपा कार्यकर्ताओं ने महंत को माफी मांगने का बात भी कहा। ज्ञात हो कि गत दिनों कांग्रेस के वरिष्ठ प्रदेश नेता और नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने पीएम नरेंद्र मोदी पर विवादित टिपण्णी किया था,जिसके बाद समूचे प्रदेश में महंत का पुतला दहन किया गया। इस क्रम में जशपुर शहर मंडल ने भी बस स्टैंड में महंत का पुतला दहन किया। यहां शहर मंडल अध्यक्ष संतोष सिंह, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष संजीव ओझा और नितिन राय के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ता भारी संख्या में बस स्टैंड में एकत्रित हुवे और चरण दास महंत का पुतला दहन करते हुवे जमकर नारेबाजी किए। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष राजू गुप्ता, रूपेश सोनी, फैज़ान सरवर खान, विजय सहाय, विकास सोनी, सज्जु खान, रविन्द्र पाठक, आकाश गुप्ता, विकास सोनी, अभ्युदय मिश्रा, पंकज गुप्ता, अभिषेक गुप्ता, अमन सिंह,सत्यम सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।



पुतला दहन करने के बाद नारेबाजी करते भाजपाई।



होटल व ढाबा संचालको की बैठक लेते एसपी।

# पुलिस अधीक्षक ने ली होटल ढाबा संचालकों की बैठक

**पत्थलगांव।** गुरूवार को पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह द्वारा पत्थलगांव के होटल, ढाबा एवं लॉज संचालकों की थाना में बैठक लेकर पुलिस विभाग से सुरक्षा संबंधी उच्च समस्त मापदंड का पालन करने निर्देशित किया गया। निर्देशों का पालन नहीं किये जाने एवं अवैध गतिविधियां पाये जाने पर कड़ी वैधानिक कार्र्रवाई की चंताावनी दी गई।

होटल एवं लॉज संचालकों को रूकने वाले सभी मुसाफिरों की पहचान पत्र लेकर मोबाईल नंबर सहित उनका पूरा विवरण अनिवार्य रूप से रजिस्टर में संधारण करने हेतु कहा गया, साथ ही पहचान पत्र की जेरोक्स कापी अनिवार्य रूप से रखने हेतु कहा गया। मुसाफिरों से उनके आने का वास्तविक कारण, उनके कार्य इत्यादि के बारे में विस्तृत पूछताछ करने हेतु कहा गया। किसी भी प्रकार का अवैध गतिविधियों का संदेह होने पर तत्काल नजदीकी पुलिस थाना में सूचित करने हेतु कहा गया। साथ ही संचालकों को उनके यहां किसी प्रकार की अवैध गतिविधियों में सहभागिता नहीं बनने की चेतावनी दी गई। नाबालिग को बिना परिजन के रूकने हेतु व्यवस्था नहीं करने हेतु कहा गया। ढाबा संचालकों को अपने ढाबा में शराब नहीं रखने, शराब सेवन पर प्रतिबंध लगाने हेतु कहा गया। उक्त गतविधियां पाई जाती है तो कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। उनके ढाबा में कोई अपराधी टाईप या संदेही व्यक्ति आया हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को देने हेतु कहा गया, ताकि समय रहते कार्यवाही की जा सके। ढाबा में अधिकतर ⏭शेष पेज 4 पर

**खबर संक्षेप**



## अबकी बार 400 करेंगे पारः रायमुनी भगत

**जशपुरनगर।** गुरुवार को विधायक श्रीमती रायमुनी भगत मनोरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेंजोरा, जयमरगा, उड़गांव, खरसोता और बुमतेल के दौरे पर रही। विधायक ने ग्रामीणों से कहा भाजपा के अभियान अबकी बार 400 पार को सफल बनाने में सहयोग करें। जशपुर विधानसभा क्षेत्र की विधायक रायमुनी भगत गुरुवार को मनोरा विकासखंड क्षेत्र के दौरे पर रही। ग्रामीणों से जनसंपर्क करते भाजपा सरकार द्वारा किए गए कार्यों से अवगत कराया। साथ ही भाजपा के राष्ट्रव्यापी अभियान अबकी बार 400 बार को सफल बनाने में सहयोग देने की अपील की है। श्रीमती भगत ने बताया केंद्र और राज्य की भाजपा सरकार ने सभी लोगों के लिए लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन और संचालन कर इसका लाभ दिलाया है। विकास कार्यों में गति लाने के बाद अब ग्रामीणों से चर्चा कर और भी विकास कार्य नियमतः विभागीय सहयोग से कार्य योजना बना किया जाएगा, इस कार्य में सभी ग्रामीणों से सहयोग को अपेक्षा है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुषमा सिंह पूर्व डीडीसी कृपाशंकर भगत, राहुल गुप्ता, आशुतोष राय, मंडल अध्यक्ष श्यामलाल, महामंत्री सतीश मिंज, मनोज टोप्पो, मंडल उपाध्यक्ष रंजीत भगत, विकास प्रधान, मनोरा सरपंच शिवनंदन भगत, कृष्ण कुमार बुनकर, युवा मोर्चा महामंत्री चन्द्र शेखर स्वर्णकार, अरविंद सिंह, गांव के प्रमुख आनंद भगत अर्जुन भगत, दशराम भगत, सीता राम, संतनु राम एवम ग्रामवासी उपस्थित थे।

## मतदान कर्मियों का किया गया प्रथम रेंडमाईजेशन



**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए मतदान दलों की नियुक्ति हेतु ऑनलाइन प्रथम रेंडमाईजेशन जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार उपस्थिति में जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में किया गया। जशपुर जिले के जशपुर, कुनकुरी, पत्थलगांव तीनों विधानसभा के लिए मतदान केंद्रों के लिए दल, संगवारी मतदान केंद्र, युवा मतदान केंद्रों के लिए दल, दिव्यांग मतदान दल और रिजर्व मतदान दलों का प्रथम रेंडमाईजेशन किया गया।संगवारी बूथ-10, दिव्यांग मतदान दल1, युवा मतदान दल-5, मिश्रित मतदान दल-10 जिसमें मतदान अधिकारी क्रमांक 2 एवं 3 पर महिला अधिकारी ड्यूटी लगाई गई हैं। इस अवसर उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रदीप कुमार साहू, डीआईओ संजय खाखा, लाइवलीहुड प्राचार्य अमरनाथ सहित निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी उपस्थित थे।

## आग से झुलसे ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** महुआ बीनने के लिए पेड़ के नीचे आग लगा रहा ग्रामीण आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बागबाहरा निवासी विद्याधर आ. स्व. अघन साय (54 वर्ष) गत दिन दोपहर घर के समीप महुआ पेड़ के नीचे महुआ फूल बीनने के लिए पेड़ के नीचे पत्ता में आग लगा रहा था। इसी दौरान आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलस गया।

## खबर संक्षेप



### साप्ताहिक बाजार में चलाया गया जागरूकता अभियान

**ओड़गी।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रोहित व्यास तथा सीईओ सूरजपुर व स्वीप नोडल अधिकारी के निर्देश तथा विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी ओडगी राजीव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में मुख्यालय ओडगी के साप्ताहिक बाजार में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत लोगों को मतदान हेतु जागरूकता लाने संदेश दिया गया। इस दौरान लोगों को बताया गया कि आपका एक एक वोट की कीमती है। लोगों को स्वतंत्र एवं निष्पक्ष मतदान कर एक अच्छी सरकार बनाने की समझाइश दी गई। इस दौरान शिक्षा विभाग से एमएस अंसारी, संजयदेव पाण्डेय, भीम पैकरा, चन्द्रभान सिंह कंवर, बीपीओ मोहम्मद महमूद उपस्थित रहे।

### होली मिलन समारोह में शामिल हुई रौनियार समाज की महिलाएं



**सलका अघिना।** सलका गायत्री मंदिर परिसर में रौनियार महिला समाज सलका द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की अधिकांश महिलाएं बड़ चढ़ कर हिस्सा ली। होली मिलन में केक काटकर और एक दूसरे को गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। समारोह में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नृत्य और संगीत का आयोजन सहित,नए नए तरीके से खेल का आयोजन सहित,महिलाओं का ड्रेस कोड दिया गया था जिसमे काफी महिलाओं ने उनका अनुसरण किया। इस दौरान श्रीमती श्यामा गुप्ता, अनुपमा गुप्ता, गीता गुप्ता,अनीता गुप्ता, अलका गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थी।

### रशीद अहमद बने अल्पसंख्यक कांग्रेस के जिलाध्यक्ष

**अंबिकापुर।** पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव तथा श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद की अनुशंसा पर मदरसा फैजुल रसूल नाजमियां मस्जिद



रसूलपुर के सदर तथा रहनुमा एजुकेशन सोसायटी के सचिव रशीद अहमद अंसारी को जिला अल्पसंख्यक कांग्रेस सरगुजा का अध्यक्ष नियुक्त किया गया हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष अमीन मेमन और समन्वयक गुलाब अहमद की सहमति से यह नियुक्ति आदेश जारी हुआ है। उन्हें जिले के सभी ब्लॉकों में अल्पसंख्यक कांग्रेस की इकाई का गठन कर संगठन को मजबूत करने तथा कांग्रेस की समाजवाद, धर्मनिरपेक्षता की विचारधारा को घर-घर घर पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। इससे जिले के अल्पसंख्यकों में खुशी और उत्साह का माहौल है। इस अवसर पर श्री अंसारी ने कहा है कि आगामी लोकसभा चुनाव में अल्पसंख्यक समाज का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा। हमारे जिले में ईसाई, सिक्ख और मुस्लिम अल्पसंख्यको की संख्या काफी तादाद में हैं। उन्हें संविधान में विशेष व्यवस्था दी गई है उनके अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष किया जाएगा और उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए रचनात्मक दिशा में हर संभव प्रयास किया जाएगा।

### जिशान खान बने अल्पसंख्यक के प्रदेश प्रवक्ता

**प्रतापपुर।** अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी व प्रदेश प्रभारी मोहम्मद गुलाब के अनुमोदन से अल्पसंख्यक विभाग



छत्तीसगढ़ ने 5 प्रदेश प्रवक्ताओं को नियुक्ति किया गया। इसी कड़ी में कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता जीशान खान को प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है पूर्व में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी की हार के वजह से उन्होंने प्रदेश सचिव पद से इस्तीफा दे दिया था लेकिन फिर से उन्हें एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। वहीं प्रदेश प्रवक्ता बनने पर जीशान खान ने कहा है कि एक बड़ी जिम्मेदारी दी गई है निश्चित ही मैं उसे बखूबी निभाऊंगा प्रदेश में कांग्रेस पार्टी विपक्ष में रहते हुए दलित आदिवासी पिछड़े अल्पसंख्यकों की आवाज को बुलंद करूंगा।

### मुनादी कराने के बावजूद महिला जंगल गई थी महुआ बीनने

# महुआ बीन रही महिला को दंतैल ने कुचला, लाश को किया क्षत-विक्षत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/रामानुजंज

महुआ बीनने जंगल गई महिला का दंतैल से सामना हो गया। दंतैल ने महिला को कुचलने के बाद उसकी लाश को क्षत-विक्षत कर दिया।

**खास बात**

- घर नहीं लौटने पर तलाशी के दौरान देर रात किया गया लाश बरामद

शाम तक महिला घर नहीं लौटी तो परिजन ने देर शाम तक उसे तलाशा तथा कोई जानकारी नहीं मिली तो वन अमले को सूचना दी। लम्बी मशक्कत के बाद रात्रि 9:30 बजे लकड़मनवा जंगल से मृतिका की क्षत-विक्षत लाश बरामद की गई। वन विभाग लगातार हाथियों की निगरानी करने एवं मुनादी के माध्यम से प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों को सूचना देने का दावा कर रहा है इसके बावजूद हाथियों से ग्रामीणों की मौत का सिलसिला नहीं रूक रहा है। मंगलवार को सुबह वन परिक्षेत्र रामानुजगंज अंतर्गत ग्राम शिवपुर निवासी पूर्व सरपंच कलावती सिंह पति लक्ष्मण सिंह खैरवार (65वर्ष) गांव की महिलाओं के साथ लकड़मनवा जंगल में महुआ बीनने गई थी। कलावती लकड़मनवा जंगल में महुआ बीनने लगी जबकि अन्य महिलाएं इधर-उधर चली गई। इस दौरान महुआ बीन रही महिला का दंतैल से सामना हो गया। महिला शाम तक घर नहीं लौटी तो पति लक्ष्मण सिंह ने ग्रामीणों के साथ उसकी खोजबीन की तथा महिला की कोई जानकारी नहीं मिलने पर देर शाम 7.30 बजे वनकर्मियों को स्थिति से अवगत कराया। ग्रामीणों के साथ महिला को तलाश रहे वन अमले ने रात्रि 9.30 बजे लकड़मनवा जंगल से महिला की क्षत-विक्षत लाश बरामद की। मृतिका का शव महुआ पेड़ से 100 मीटर दूर एक झाड़ी में मिला है। अनुमान लगाया जा रहा है कि दंतैल को देखने के बाद महिला ने भागने की कोशिश की होगी तथा आक्रोशित दंतैल ने उसे अपने सुंड में लपेटकर पटक दिया होगा। महिला को कुचलने के बाद दंतैल ने उसकी लाश को क्षत-विक्षत किया होगा। सुचना पर सुबह वन मण्डलाधिकारी विवेकानंद झा, उपवन मण्डलाधिकारी अशोक तिवारी सहित अन्य अधिकारी घटनास्थल पर पहुंचे तथा स्थिति का जायजा लिया। पीएम कराने के उपरांत रेंजर संतोष पाण्डेय ने मृतिका के पति लक्ष्मण सिंह को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की।



घटना स्थल का निरीक्षण करते वनमण्डलाधिकारी।

**झारखण्ड से पहुंचा था दंतैल**

बताया जा रहा है कि दंतैल सोमवार को रात्रि 2 बजे कन्हर नदी पार कर शिवपुर जंगल पहुंचा था। वन अधिकारी दंतैल के जंगल में पहुंचने की सूचना पर प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी कराने एवं जंगल की ओर नहीं जाने की सूचना देने की बात कह रहे हैं। विभाग द्वारा मुनादी कराने के बावजूद गांव की महिलाएं महुआ बीनने जंगल चली गई। रास्ते में पास के जंगल में दंतैल के मौजूद होने की चर्चा होने के बाद अन्य महिलाएं वापस घर लौट आई जबकि कलावती अकेले जंगल चली गई तथा महुआ बीनने की लालच में अपनी जान गवां बैठी। बताया जा रहा है कि दंतैल इसके पूर्व भी जंगल की ओर आता था लेकिन कुछ समय गुजारने के बाद उसी दिन वापस लौट जाता था जिसके कारण लोग इसे बहुत गंभीरता से नहीं लेते थे।

**मौजूद हैं 25 हाथी**

वर्तमान में बलरामपुर वन मण्डल अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में 25 हाथी भ्रमण कर रहे हैं। इन हाथयों में झारखण्ड से पहुंचे 7 हाथियों का दल भी शामिल है जो वर्तमान में धमनी से वाड्रफनगर रेंज में मौजूद पहुंच गया है। वाड्रफनगर में पूर्व से ही 15 हाथियों का दल मौजूद है। वन परिक्षेत्र राजपुर में 2 एवं रामानुजगंज में 1 हाथी भ्रमण कर रहा है। वन अमला हाथियों की निगरानी करने के साथ ही प्रभावित क्षेत्र के गांवों में मुनादी करा ग्रामीणों को सूचना दे रहा है साथ ही लोगों को जागरूक कर रहा है।

**लगातार हो रही मानिटरिंग**

हाथियों की लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है तथा मुनादी करा ग्रामीणों को सूचना दी जा रही है। मंगलवार को मुनादी कराने के बावजूद महिलाएं महुआ बीनने निकली थी।

-विवेकानंद झा
वन मण्डलाधिकारी, बलरामपुर



शौचालय को तोड़ता जेसीबी।

## जेसीबी से जबरन तोड़ दिया शौचालय, थाने में शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ मदनपुर

ग्राम पंचायत मदनपुर में विवादित भूमि पर बने शौचालय को जबरन तोड़ दी गई। पीड़ित परिवार ने घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई है।

जानकारी के अनुसारी सूरज दास आ. स्व. कृष्णा दास व राजेश दास आ. स्व. निरंजन दास ग्राम पंचायत मदनपुर स्थित भूमि पर 50 वर्षो से काबिज है तथा घर कुआं, बाडी व घर बनाकर कर रह रहे है। इसी बीच 2016-17 में गुपचुप तरीके से दलालों के माध्यम से भू माफियाओं की मिलीभगत से नारायण मंडल आ. राम कृष्ण मंडल, काजल मंडल आ. रामकृष्ण मंडल व कमला आ. रामकृष्ण मंडल के नाम पर पट्टा प्राप्त कर ली है। पट्टा प्राप्त कर लेने की जानकारी लगने पर सूरज दास व राजेश दास ने भूमि के संबंध में जिला न्यायालय, अपर आयुक्त व कलेक्टर में वाद दायर कर दी है। प्रकरण न्यायालय में लंबित है। इसी बीच बना किसी आदेश के जयनारायण ने शौचालय व बाथरूम को जेसीबी से तोड़ दिया। पीड़ित परिवार ने घटना की रिपोर्ट जयनगर थाने में दर्ज कराई है।



### कलेक्टर ने किया जिला कोषालय का निरीक्षण

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ .कोषालय संहिता के सहायक नियम 39 में निहित प्रावधानों के तहत आज कलेक्टर रोहित व्यास द्वारा जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम में रखे अदालती मुद्रांक, गैर अदालती मुद्रांक, कोर्ट फी कॉपिंग टिकट, नोटेरियल टिकट, रेवेन्यू टिकट, स्पेशल अधेसिव स्टाम्प तथा बहुमूल्य सामग्रियों के पैकेट्स का बारीकी से निरीक्षण कर पैकेट्स का सत्यापन कोषालय में संधारित पंजियो से किया गया। निरीक्षण के दौरान विभागीय कार्य प्रणाली के संबंध में कलेक्टर द्वारा जिला कोषालय अधिकारी अनिल कुमार बारी से चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरा लगवाने के लिए भी निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान समीर शर्मा तहसीलदार एवं कोषालयीन अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

## महिला को घर में बंद कर छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गूंगी महिला को जबरन घर में बंद कर छेड़छाड़ करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मणीपुर थाना अंतर्गत रहने वाली महिला 2 अप्रैल की दोपहर अपनी देवरानी के साथ बकरी चराने के लिए जा रही थी। महिला की देवरानी बोल नहीं पाती है और इस बात का फायदा उठाकर लब्जी निवासी भूकम द्वारा महिला को पीछे से पकड़कर जबरन अपने घर में लेजाकर बंद कर दिया गया और उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। इस दौरान जब महिला ने देखा कि उसकी देवरानी गायब है तो उसने शोर मचाना शुरू किया और ग्रामीणों की मदद से जब वो भूकम के घर पहुंची तो युवक महिला के साथ जबरन छेड़छाड़ कर रहा था। महिला



ने घटना की शिकायत पुलिस से की थी जिसके बाद पुलिस द्वारा लब्जी निवासी 35 वर्षीय भूकम को धारा 354, 342 के तहत गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना मणीपुर से प्रधान आरक्षक सतीश सिंह, आरक्षक समीर तिर्की, आरक्षक अतुल शर्मा आदि सक्रिय रहे।



निरीक्षण करते अधिकारी।

## घरेलू गैस के व्यावसायिक उपयोग पर खाद्य विभाग ने किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

शहर के हृदय स्थल पर स्थित पुराना बस स्टैंड पर खाद्य विभाग की टीम द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें चौपाटी, भोजनालय व बिरयानी सेंटर में कमर्शियल यानी की नीले रंग के सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है कि नहीं, इसकी जांच की गई। जांच में पाया गया कि अधिकतर दुकानदारों द्वारा घरेलू कनेक्शन के तहत मिलने वाले लाल सिलेंडर का उपयोग किया जा रहा है। इस पर खाद्य अधिकारी विजय किरण द्वारा सभी को समझाईश देते हुए नीले रंग के कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग करने की बात कही गई। उन्होंने बताया कि चौपाटी में स्थित ठेले व गुमटियों में संचालित दुकानों, भोजनालय व बिरयानी सेंटर को पूर्व में भी कई बार खाद्य विभाग द्वारा समझाइश दी गई है। साथ ही दुकान संचालकों को शासन की दिशा निर्देश से अवगत कराया गया है।

## एनएच 343 पर ब्लैक व ग्रे स्पॉट का अधिकारियों ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलरामपुर

एनएच 343 पर आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं के मद्देनजर जिला व पुलिस प्रशासन के साथ ही लोनिवि व एनएच विभाग द्वारा क्षेत्र के अति दुर्घटनाजन्य क्षेत्रों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान एनएच के ब्लैक व ग्रे स्पॉट में संकेतक बोर्ड लगाने, सड़कों के मरम्मत, रेडियम पट्टी सहित अन्य सुधार कार्य करने का प्रस्ताव दिया गया। बता दें कि एनएच 343 पर चांची मोड़, अमझर नाला, अलखड़ीहा, दलधोवा घाट सहित अन्य स्थानों पर सर्वाधिक सड़क दुर्घटनाएं होती है और इन हादसों में लोगों को अपनी जान गवानी पड़ती है। ऐसे में कलेक्टर आर एक्का व एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह



के निर्देश अपर जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, एनएच व लोनिवि की संयुक्त टीम द्वारा आज एनएच 343 के ब्लैक व ग्रे स्पॉट का संयुक्त रूप से निरीक्षक किया गया। टीम द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान ब्लैक स्पॉट चाची मोड का अवलोकन किया गया। इस दौरान सड़कों पर मार्किंग, जंक्शन की आवश्यकता पाई गई साथ ही ढकवा गांव रोड में निरीक्षण के दौरान स्पीड ब्रेकर की आवश्यकता, अनिवार्यता गति सीमा बोर्ड एवं संकेतक बोर्ड की आवश्यकता का चिन्हांकन किया गया व एनएचए एवं नगर पंचायत राजपुर में सड़कों के किनारे लगने वाले दुकानदारों को अपनी दुकान हटाने की समझाइस दी गई। इसके साथ ही चौधरी निवास मोड में झाड़ियों की सफाई, संकेतक बोर्ड एवं रोड मरम्मत जैसे कार्य किए पर चर्चा की गई। अति दुर्घटनाजन्य स्थल अलखडीहा में निरीक्षण के दौरान संकेतक बोर्ड, स्पीड ब्रेकर, रेडियम पट्टी, ज़ेबरा क्रॉसिंग लगाने अधिकारियों द्वारा सहमति दी गई। अमझरनाला में रोड वाइंडिंग, ट्री स्टड, साइन बोर्ड लगाने सहमति दी गई। दलधोआ घाट में सड़कों के दोनों किनारो में रोड वाइंडिंग एवं साइन बोर्ड की मरम्मत किए जाने का सुझाव दिया गया। इस हेतु एनएच के अधिकारियों द्वारा प्रस्ताव तैयार कर शासन को भेजा जाएगा। इस दौरान एसडीएम राजपुर राजीव जैन कुजूर, एसडीओपी कुसमी इमानुएल लकड़ा, एसडीओ एनएच निखिल लकड़ा, यातायात प्रभारी रक्षित निरीक्षक विमलेश कुमार देवांगन, थाना प्रभारी राजपूर सुधीर मिंज एवं स्थानीय प्रशासन के अधिकारी कर्मचारी तहसीलदार उपस्थित रहे।

## सिलफिली श्याम कीर्तन में देर रात तक झूमे श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर/मदनपुर

श्री श्याम सेवा समिति सिलफिली द्वारा तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव आयोजित किया गया। श्याम सेवा समिति द्वारा बताया गया कि सोमवार देर शाम तक बाबा का श्रृंगार सजाने के बाद पप्पू महाराज द्वारा श्याम बाबा की विधि विधान से पूजा कराई गई। इसके पश्चात भजनों की अमृत वर्षा प्रारंभ की गई।

भजन प्रारंभ होने के बाद जब फरीदाबाद की भजन गायिका संध्या तोमर मंच पर पहुंची तब तक पंडाल श्रद्धालुओं से भर चूका था। संध्या तोमर, विवेक शर्मा के भजनों पर श्रद्धालू देर रात तक झूमते रहे। इसके बाद गायक अभिषेक कथूरिया द्वारा भी श्याम भजन की शानदार श्रृंखला प्रस्तुत की गई जो कि रात तीन बजे तक अनवरत चलता रहा। श्याम बाबा की ज्योत के दर्शन भी लोग कतार बद्ध होकर



किए। बाबा श्याम का भव्य श्याम रसोई, छप्पन भोग और ईत्र वर्षा भी लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम में शामिल होने सूरजपुर, बलरामपुर, कोरबा, कोरिया, रायगढ़ तथा सरगुजा जिले के श्रद्धालु पहुंचे थे। इसके पहले खाटूश्याम की निशान यात्रा धूमधाम से निकाली गई। निशान यात्रा का विभिन्न जगहों पर आतिशबाजी व पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में अमन अग्रवाल, धीरज विश्वास, शुभम गोयल, कृष्ण गुप्ता, राजकुमार बैरागी, अभिषेक पाठक, धीरज अग्रवाल, शिव सिंह, अभिषेक सरकार, व अन्य सक्रिय रहे।

### साफ-सफाई के अभाव में जलकुंभी व शैवाल से अटे तालाब


# सौंदर्यीकरण के बाद भी कई तालाबों की हालत दयनीय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सौंदर्यीकरण के बाद भी साफ-सफाई के अभाव में शहर की तालाबों की हालत दयनीय है। आलम यह है कि पिछले साल हुए तालाब के सौंदर्यीकरण के बाद भी तालाब में शैवाल व जलकुंभी से अटे है जिससे अब लोगों ने निस्तारण के लिए तालाब का उपयोग करना भी छोड़ दिया है। इस तरह की स्थिति शहर के एक तालाब की नहीं बल्कि लगभग सभी तालाबों की है। हालांकि कुछ तालाबों का सौंदर्यीकरण होना बाकी है परंतु जिन तालाबों की सौंदर्यीकरण हो चुकी है उनकी भी देखरेख व सफाई के अभाव में हालत दयनीय हो गई है। ऐसा नहीं है कि निगम प्रशासन को इसकी जानकारी नहीं है बावजूद इसके इस ओर ध्यान नहीं देने से तालाब शैवाल व जलकुंभी से अटे पड़े है। तालाबों के संरक्षण के लिए जहां सौंदर्यीकरण जरूरी है जिससे तालाबों का अस्तित्व बरकरार रह सके। तालाबों की सुरक्षा व जल संरक्षण को लेकर निगम सरकार गंभीर है और शहर के कई तालाबों का सौंदर्यीकरण का कार्य भी पूर्ण करा चुकी है। हालांकि कुछ तालाबों का सौंदर्यीकरण का काम बाकी है जिसकी प्रक्रिया भी लगभग पूरी हो चुकी है। जिन तालाबों के सौंदर्यीकरण नहीं हुई है उसका हालत तो दयनीय है ही परंतु जिन तालाबों की सौंदर्यीकरण हुआ है लेकिन देखरेख व साफ-सफाई नहीं होने से उनकी की हालत दयनीय होने लगी है। तालाबों की साफ सफाई के लिए बरसात से पूर्व योजना बनाई गई थी। पिछले साल ही शहर के पांच तालाबों का सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू किया गया।

**खास बात**

- निस्तार के उपयोग करना भूले लोग



घास और जलकुम्भी से अटा देवान तालाब।

**कराई जाएगी साफ-सफाई**

पिछले साल शहर के पांच तालाबों का सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया। कुछ काम शेष होने के कारण तालाब की साफ-सफाई नहीं कराई गई है। सौंदर्यीकरण का कार्य पूर्ण होने पर तालाबों की साफ-सफाई कराई जाएगी।

-डॉ. अजय तिर्की, महापौर

### चुनाव के मद्देनजर कलेक्टर ने की जिला बदर की कार्रवाई

**अंबिकापुर।** जिला मजिस्ट्रेट ने एक और जिला बदर की कार्रवाई की गई है। गौरतलब है कि एसपी सरगुजा द्वारा मणीपुर थाना अंतर्गत बाबूपारा निवासी आदित्य यादव उर्फ लल्ला यादव आ. सुदामा यादव के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के प्रावधानों के तहत जिला बदर कार्रवाई करने का प्रतिवेदन पेश किया गया। एसपी के प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक आदित्य यादव उर्फ लल्ला यादव को उक्त अधिनियम की धारा 5 (क) (ख) के तहत जिला बदर कार्रवाई बावत अनावेदक को कारण बताओ नोटिस जारी कर इससे जवाब प्राप्त करते हुए इन्हें विधिवत सुनवाई का अवसर दिया गया जिसके बाद जिला मजिस्ट्रेट द्वारा अनावेदक आदित्य यादव उर्फ लल्ला यादव के विरूद्ध अधिरोपित आरोप की पुष्टि अभियोजन साक्ष्य व प्रस्तुत दस्तावेजों के आधार पर होने के कारण उक्त व्यक्ति को राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के तहत जिला सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर की सीमा से आदेश 3 अप्रैल से एक वर्ष की अवधि के लिए जिले से निष्काषित करने की कार्रवाई की गई है।

## एसईसीएल भटगांव क्षेत्र ने बीते वर्ष में हासिल किए नए आयाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनगरा

एसईसीएल भटगांव क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रदीप कुमार के नेतृत्व में कोयला उत्पादन एवं प्रेषण में वृद्धि दर्ज करते हुए अधिभार निष्कासन में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। एसईसीएल भटगांव क्षेत्र ने वित्तीय वर्ष में 33 लाख 1 हजार 592 टन कोयला उत्पादन करते हुए विगत वर्ष की तुलना में 20 प्रतिशत की वृद्धि एवं 32 लाख 78 हजार 637 टन कोयला प्रेषण करते हुए 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज किया है। क्षेत्र ने 23430765 क्यूनिक मीटर अधिभार निष्कासित करते हुए 39 प्रतिशत की वृद्धि के साथ अब तक का सर्वाधिक अधिभार निष्कासन का कीर्तिमान स्थापित किया है। साथ ही 31 मार्च को 25249.90 टन कोयला प्रेषण कर अब तक का सर्वाधिक प्रतिदिन




कोयला प्रेषण का भी कीर्तिमान स्थापित किया है। एसईसीएल भटगांव क्षेत्र द्वारा विभिन्न चुनौतियों का सामना करते हुए भी प्राप्त की गई। इन उपलब्धियों पर क्षेत्रीय महाप्रबंधक प्रदीप कुमार ने हर्ष व्यक्त किया है एवं क्षेत्र के समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों, संयुक्त सलाहाकार समिति, क्षेत्रीय कल्याण समिति, क्षेत्रीय सुरक्षा समिति, सीएमओएआई,इनमोसा, सिस्टा, एससी/एसटी काउंसिल, ओबीसी इंप्लाइज वेलफेयर एसोसिएशन, यूनियन प्रतिनिधियों, ठेका श्रमिकों एवं अन्य हितधारकों आदि के सामूहिक प्रयासों की प्रशंसा की।

4- APR-Jash-RAGH-CORIY-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 4/4/2024 7:24 PM Page 1





# सलमान ने नहीं छोड़ी द बुल, फिर शुरू होगी शूटिंग

**मुंबई।** सलमान खान को लेकर कहा जा रहा है कि उन्होंने करण जौहर के साथ बनने वाली फिल्म द बुल से अपने कदम वापस खींच लिए हैं। गौरतलब है कि 1998 में रिलीज हुई करण जौहर की डायरेक्टोरियल डेब्यू फिल्म कुछ कुछ होता है में सलमान खान का एक्सटेंडेड कैमियो था। अब इस फिल्म के 25 साल बाद करण जौहर ने अपने प्रोडक्शन की फिल्म द बुल में सलमान खान की कास्टिंग की है। पिछले कई दिनों से फिल्मी गलियारों में चर्चा थी की डेट्स फाइनल न होने पर सलमान खान ने फिल्म छोड़ दी है, हालांकि अब प्रोडक्शन के सूत्रों की मानें तो ये खबर सरासर अफवाह है।

लाइफ Style

# उर्वशी

## ट्रोल होने पर दी सफाई



मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड को लेकर कंट्रोवर्सी में आईं एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला ने सफाई पेश की है और कहा कि उन्होंने ऐड में जो कुछ भी बोला गया, वह स्क्रिप्ट का हिस्सा था। एक्ट्रेस हाल ही में एक मेट्रोमोनियल ब्रांड के ऐड में नजर आईं। वीडियो में, उर्वशी एक्टर्स, बिजनेसमैन, सिंगर्स और क्रिकेटर्स के बारे में बात करती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

उर्वशी कहती हैं, मैं तमाम लोगों से मिली, जिनमें बिजनेसमैन, एक्टर और कुछ क्रिकेटर्स भी हैं। कई तो ऐसे हैं जो मेरी हाइट के नहीं हैं। इस ऐड को फैंस ने क्रिकेटर ऋषभ पंत से जोड़ दिया और एक्ट्रेस को ट्रोल करना शुरू कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि उर्वशी ने वीडियो में बिना नाम लिए भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत का मजाक उड़ाया है। अब एक्ट्रेस ने सभी ट्रोलर्स का मुंह बंद करने के लिए सफाई पेश की। उर्वशी ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर लिखा, यह ब्रांड द्वारा दी गई कॉमन स्क्रिप्ट है, न कि किसी की ओर इशारा, पॉजिटिविटी फैलाओ। जिम्मेदार होने के नाते, मैं समझती हूं कि ब्रांड के एंबेसडर के रूप में लोगों पर इसका क्या प्रभाव पड़ सकता है। वर्कफ्रंट के मुताबिक, उर्वशी इन दिनों यो यो हनी सिंह के साथ 'लव डोज 2.0' के सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं और प्रोजेक्ट 'जहांगीर नेशनल यूनिवर्सिटी' (जेएनयू) के लिए तैयारी कर रही हैं, जहां वह एक कॉलेज राजनेता की भूमिका निभा रही हैं।

एक्ट्रेस के पास अक्षय कुमार की 'वेलकम 3', बॉबी देओल, दुलकर सलमान, नंदामुरी बालकृष्ण के साथ 'एनबीके109', सनी देओल और संजय दत्त के साथ 'बाप' (हॉलीवुड ब्लॉकबस्टर 'एक्सपेंडेबल्स का रीमेक) और रणदीप हुड्डा के साथ 'इंस्पेक्टर अविनाश 2' जैसे प्रोजेक्ट भी हैं।

हॉलीवुड मसाला



# अरबपतियों की लिस्ट में हुई शामिल

**लॉस एंजेलिस।** अमेरिकी पॉप स्टार टेलर स्विफ्ट ने 1.1 अरब डॉलर की संपत्ति के साथ पहली बार फोर्ब्स वर्ल्ड की अरबपतियों की सूची में प्रवेश किया है। टेलर स्विफ्ट, केवल अपने गीतों और प्रदर्शन के आधार पर अरबपति का दर्जा हासिल करने वाली पहली संगीतकार हैं, जिनकी अनुमानित कुल संपत्ति $1.1 बिलियन है। टेलर की नेटवर्थ करीब 35 देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। अपने व्यापक गीत लेखन कैटलॉग के अलावा, टेलर स्विफ्ट ने इतिहास में पहला अरब डॉलर का दौरा भी आयोजित किया है।



# मेगन ने प्लास्टिक सर्जरी पर किया खुलासा

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड स्टार मेगन फॉक्स ने बताया कि उन्होंने कौन-कौन सी प्लास्टिक सर्जरी करवाई और कब। वह बोलीं, 'जब मैं 21 या 22 साल की थी तब मैंने अपने ब्रेस्ट की सर्जरी करवाई थी। मैंने बच्चों को ब्रेस्टफीडिंग करवाने के बाद इनकी दोबारा सर्जरी करवाई। इसके बाद अब हाल ही मैंने सर्जरी इसलिए करवाई क्योंकि मेरी बॉडी पर इतना फैट नहीं था कि इम्प्लांट को छुप सके। इसलिए मुझे बदलवाकर ऐसे इम्प्लांट लगवाने पड़े, जो सेट हो सकें।' उन्होंने बताया, मैंने कभी भी किसी भी तरह का फेस लिफ्ट नहीं करवाया। न कोई मिड लिफ्ट और ना ही लेटरल ब्रो लिफ्ट। हालांकि मैं एक रेगुलर आइब्रो लिफ्ट चाहूंगी या शायद नहीं भी। मैंने कभी थ्रेडिंग नहीं करवाई और मैंने उस पर काफी रिसर्च भी किया है। मुझे ऐसा लगता है कि इसका कोई फायदा नहीं है।



# सिटाडेल में अलग तरह का एक्शन : सामंथा

**मुंबई।** एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने आगामी सीरीज 'सिटाडेलः हनी बन्नी' और 'द फैमिली मैन' को लेकर कहा कि इनमें एक्शन बहुत अलग तरह का है। सामंथा ने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार में जो एक्शन सीन किए, उसके लिए उन्हें काफी सराहना मिली है। अपने द्वारा किए गए स्टंट पर बात करते हुए एक्ट्रेस ने सीन की तैयारियों को लेकर खुलकर बात की। सामंथा ने कहा, मैंने 'द फैमिली मैन' में राजी के किरदार के लिए जो किया, वह एक्शन के मामले में बहुत अलग है। मैं 'सिटाडेल' में एक्शन को लेकर बहुत उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, निश्चित रूप से यह कुछ ऐसा है जो मैं अपने किरदार राजी के लिए चाहती थी। सीरीज में कुछ मुख्य आकर्षण एक्शन बिट्स हैं और मैं वास्तव में उन्हें स्क्रीन पर देखने के लिए उत्सुक हूं।



# शाहिद ने किया देवा का नया पोस्टर शेयर

**मुंबई।** शाहिद कपूर फिल्म इंडस्ट्री के सबसे बहुमुखी और प्रतिभाशाली एक्टर में से एक हैं। चाहे वह उनका लुक हो, उनकी एक्टिंग स्किल्स और धमाकेदार डांस स्टेप्स इसे दर्शकों के लिए और अधिक लुभावना बनाते हैं। अब अपनी आगामी फिल्म देवा के बारे में शाहिद कपूर ने पोस्ट शेयर किया, एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म देवा से तस्वीरें शेयर कीं। जिसे देख कर फैंस अपना उत्साह नहीं रोक सके और कमेंट बॉक्स में उमड़ पड़े। एक यूजर ने लिखा, 'डेंजरस लग रहे हैं देवा'। एक अन्य यूजर ने लिखा, 'आग बोले तो देवा'। शाहिद हाल ही में 'तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया' में नजर आए थे। यह फिल्म एक अजब प्रेम कहानी को दर्शाने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दायरे में उतरती है।

# प्रियंका की नई फिल्म टाइगर की रिलीज डेट आई सामने



मुंबई। ग्लोबल एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा आए दिन खबरों में बनी रहती हैं। इस बीच अब प्रियंका ने अपने नए प्रोजेक्ट की रिलीज डेट की घोषणा की, जिसका नाम 'टाइगर' है। इस फिल्म में उन्होंने मुख्य किरदार अंबा नाम की बाघिन को अपनी आवाज दी है। इस बीच एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज डेट से पर्दा उठाया हैं। बता दें प्रियंका चोपड़ा ने फिल्म टाइगर का पोस्टर शेयर करते हुए इसकी रिलीज डेट का ऐलान किया हैं, जो कि भारत के जंगलों पर आधारित हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, अंबा है एक कालातीत विरासत वाला बाघ। वह अपने शावकों की इतने प्यार से देखभाल करती है कि मां और बच्चे के बीच का खूबसूरत रिश्ता इतने शानदार ढंग से चमकता है। इस खूबसूरत परिवार पर 8 साल तक इस फिल्म की शूटिंग की गई। प्रियंका ने कहा, इस अविश्वसनीय कहानी को अपनी आवाज देने और इस फिल्म के माध्यम से जंगलों की खोज करने में मुझे बहुत मजा आया।



# साइलेंस 2 का ट्रेलर आउट

**मुंबई।** एक्टर मनोज बाजपेयी इस समय अपनी बैक टू बैक फिल्मों को लेकर चर्चाओं में बने हुए हैं। एक्टर बहुत जल्द फिल्म 'भैया जी' और 'साइलेंस 2' में नजर आने वाले हैं। इस बीच अब मनोज बाजपेयी की फिल्म 'साइलेंस 2' का ट्रेलर मेकर्स द्वारा रिलीज कर दिया गया हैं। जिसमें एक्टर एसीपी अविनाश वर्मा की भूमिका फिर से निभाते हुए नजर आ रहे हैं। साइलेंस 2 के ट्रेलर की शुरुआत मनोज बाजपेयी की आवाज से होती है, जिसमें वह एक दोहा कह रहे हैं। इसके बाद फिर एक हत्या होती है और मामला जांच के लिए उनकी स्पेशल क्राइम यूनिट को सौंप दिया जाता है जांच के दौरान काफी शव मिलते हैं और हत्यारा फरार हो जाता है।

# हीरामंडी का गाना तिलस्मी बाहें रिलीज, सोनाक्षी ने दिखाई अदाएं

मुंबई। संजय लीला भंसाली की आगामी सीरीज 'हीरामंडी' का एक और गाना बुधवार को रिलीज हो गया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा दर्शकों पर जादू चलाती नजर आ रही हैं। सीरीज का पहला गाना 'सकल बन' काफी पसंद किया गया। आज दूसरा गाना 'तिलस्मी बाहें' भी सामने आ चुका है। 'तिलस्मी बाहें' गाने को संजय लीला भंसाली ने कंपोज किया है। इसमें सोनाक्षी सिन्हा अपने अभी तक के सबसे अनोखे अवतार में नजर आईं हैं। 'तिलस्मी बाहें' में 'फरीदन' के रोल में सोनाक्षी सिन्हा ने मुजरे को फिर से जिंदा कर दिया है। इस गाने में शिमरी गोल्डन रंग की साड़ी पहने हुए सोनाक्षी सिन्हा एक महफिल में बैठकर गाना शुरू करतीं हैं, जिसमें कई लोग उनके आसपास नजर आ रहे हैं। जहां लोग उनकी खूबसूरती पर फिदा नजर आ रहें हैं, वहीं फरीदन (सोनाक्षी सिन्हा) कभी टेबल पर डांस करतीं हैं, तो कभी किसी की बाहों में अपने डांस मूव्स करके लोगों को मदहोश करती दिखाई दीं। इस गाने को शर्मिष्ठा चटर्जी ने अपनी आवाज दी है।



## 1960 में बंगाली फिल्मों से दिग्गज एक्ट्रेस ने किया था डेब्यू

# शर्मिला ने किया फिल्मों में अपनी पहली फीस का खुलासा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

शर्मिला टैगोर सिनेमा की दुनिया में वो नाम हैं, जिनकी खूबसूरती और अदाकारी के चर्चे तब भी थे और आज भी उनकी शालीनता मन मोह लेती है। सैफ अली खान मां शर्मिला टैगोर तब महज 14 साल की थीं, जब उन्होंने फिल्मों में डेब्यू किया था। दो बार नेशनल अवॉर्ड जीत चुकी एक्ट्रेस को पहला मौका दिग्गज फिल्ममेकर सत्यजीत रे ने अपनी बंगाली फिल्म 'देवी' में दिया था। भारत सरकार से 2013 में पद्म भूषण सम्मान पा चुकी शर्मिला ने अपने एक नए इंटरव्यू में फिल्मों की फीस को लेकर मजेदार खुलासे किए हैं। उन्होंने अपनी पहली फीस भी बताई है और ये भी कि उसे उन्होंने कहां खर्च किया था।



### पहली फिल्म के लिए मिले थे 5 हजार साड़ी और घड़ी

शर्मिला कहती हैं, 'मैंने काफी कम उम्र में काम करना शुरू कर दिया था। हालांकि, तब फीस उतनी शानदार नहीं थी जितनी अभी है, लेकिन तब चीजों की कीमत भी इतनी अधिक नहीं थी। अपनी पहली फीस के बारे में बताते हुए शर्मिला ने कहा, मेरे पिता पैसों में कोई दिलचस्पी नहीं रखते थे, लेकिन सत्यजीत रे ने जोर दिया था। उन्होंने फिर भी तब मुझे एक साड़ी दी, एक घड़ी दी और 5 हजार रुपए दिए।

### पहली फीस से खरीदे थे गहने

अपनी पहली कमाई के खर्च का ब्योरा देते हुए शर्मिला टैगोर ने बताया, 'एक बंगाली परिवार से होने के नाते, पैसे मिलते ही हम सोने-चांदी की दुकान पर गए। हमने सोने की चूड़ियां खरीदीं, एक हार खरीदा और बालियां खरीदीं। हालांकि पैसे कम थे, लेकिन तब चीजें इतनी महंगी भी नहीं थीं। शर्मिला टैगोर ने आगे बताया कि उनकी शुरुआती बंगाली फिल्मों के दौरान उन्हें लगभग 10 हजार-15 हजार रुपए फीस के तौर पर मिलते थे। लेकिन उनकी पहली हिंदी फिल्म के लिए उन्हें 25 हजार रुपए फीस मिली थी। साल 1964 में उनकी पहली हिंदी फिल्म 'कश्मीर की कली' थी, जिसका निर्देशन शक्ति सामंत ने किया था।

### डायरेक्टर ने कहा- मैं आपको जमीन खरीदकर दे देता हूं

शर्मिला टैगोर याद करते हुए बताती हैं कि उन्हें शक्ति आनंद की दो फिल्मों के लिए 25-25 हजार रुपए मिलने थे, लेकिन डायरेक्टर ने उन्हें तब दूसरी फिल्म के लिए फीस के बदले एक जमीन खरीदकर देने की पेशकश की। दिग्गज एक्ट्रेस ने कहा, 'उन्होंने मुझसे कहा कि तुम्हें पैसे देने के बजाय क्यों ना मैं तुम्हें थोड़ी जमीन दे दूं, जो विले पार्ले है। मैंने कहा इस पर कहा कि क्या आप पागल हो? क्या मैं इस दलदल में आकर रहने वाली हूं? यह 1963 की बात है।

### 3 लाख में खरीदा पहला अपार्टमेंट

'वक्त' और 'अनुपमा' जैसी सुपरहिट फिल्में देने वाली शर्मिला बताती हैं कि उन दिनों उन्होंने मुंबई में अपार्टमेंट तक नहीं लिया था। वह कुछ साल तक ताज महल होटल में रहीं, क्योंकि वहां उन्हें साफ-सफाई यानी हाउसकीपिंग की चिंता नहीं थी। एक्ट्रेस ने बताया, 'कुछ वर्षों के बाद, जब मुंबई ही मेरा ठिकाना बन गया, तब अपना पहला अपार्टमेंट 3 लाख रुपए में खरीदा। तब इसके लिए पैसे जमा करने में खूब स्ट्रगल करना पड़ा था। रुपए की व्यवस्था करना बहुत कठिन काम था, क्योंकि उस समय हम बहुत ज्यादा टैक्स चुका रहे थे, इसलिए पैसे बचाने की कोई गुंजाइश नहीं थी।

## खबर संक्षेप

### स्वास्थ्य विभाग ने जारी किया लू के लिए अलर्ट

**रायगढ़।** जिले में तापमान में वृद्धि हो रही है। तापमान बढ़ने से लू का प्रभाव शुरू हो चुका है। इसी को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने लू के लिए अलर्ट करते हुए उसके प्रभाव से बचने के लिए सावधानियां बरतने को कहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीके चंद्रवंशी ने लोगों को लू से बचाव के लिए सतर्कता बरतने एवं प्रारंभिक उपचार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घर पर भी प्रारंभिक उपचार की जा सकती है, जैसे तेज बुखार आने पर सिर में ठंडे पानी की पट्टी लगाएं, पानी व तरल पदार्थ अधिक लें, फिर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। लू के मरीजों के लिए उपचार की पर्याप्त व्यवस्था है। सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में ओरल रिहाईड्रेशन थेरेपी कार्नर की स्थापना की गई है।

### सीएमएचओ ने ली सभी बीएमओ की बैठक



**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. वीके चंद्रवंशी की अध्यक्षता में बुधवार को स्वास्थ्य कार्यालय के आरोग्यम सभाकक्ष में जिला कार्यक्रम प्रबंधक समस्त खंड चिकित्सा अधिकारी राष्ट्रीय कार्यक्रम के समस्त नोडल अधिकारी के साथ समस्त राष्ट्रीय कार्यक्रम की मासिक समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें स्वास्थ्य विभाग में संचालित मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, राष्ट्रीय कैंसर, हृदय रोग, मधुमेह एवं स्ट्रोक नियंत्रण एवं रोकथाम कार्यक्रम, राष्ट्रीय तंबाकू निषेध कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। परिवार नियोजन, सिकलसेल कार्यक्रम, राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन, राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम, एकीकृत निगरानी कार्यक्रम बीमारी रोकथाम, राज्य नोडल एजेंसी तथा आयुष्मान भारत डिजीटल मिशन, एनएचएम अंतर्गत वित्तीय प्रगति, कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए।

### मतदान के लिए उद्योग श्रमिकों को मिलेगा अवकाश

**रायगढ़।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 को संपन्न कराने के लिए छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में अर्थात 19 अप्रैल, 26 अप्रैल एवं 7 मई को मतदान कराया जा रहा है। जिसके तहत रायगढ़ संसदीय क्षेत्र में 7 मई 2024 को मतदान होना है। इस संबंध में कारखाना अधिनियम 1948 तथा दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 के अंतर्गत आने वाले कारखानों स्थापनाओं में कार्यरत प्रत्येक श्रमिक कर्मचारियों को लिए मतदान के दिन राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्र में अवकाश घोषित किया गया है। प्रभारी सहायक श्रमायुक्त रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते है, वहां प्रथम एवं द्वितीय पॉली के श्रमिकों को मतदान के दिन 2-2 घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते है, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी-बारी से मतदान करने की सुविधा देने के निर्देश दिए गए है।

### रास्ता रोककर युवती से छेड़खानी, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने युवती से छेड़खानी के आरोपित भुवन लाल पटेल उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम टेमटेमा को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। कल थाना खरसिया में पीड़ित युवती रिपोर्ट दर्ज करायी कि 30 मार्च को अपने कार्य के सिलसिले में ग्राम सोण्डका गई थीए जहां से लौटते समय पण्डरीपानी पुल के पास ग्राम टेमटेमा का भुवन पटेल मोटर सायकल से पीछा करते हुए आया और उलटी.सीधी बातें कहकर छेड़खानी करने लगा। जब वह अपनी स्कुटी पर जाने लगी तो भुवन पटेल उसे नुकसान पहुंचाने की धमकी देकर हाथापाई पर उतारू हो गया। आरोपी भुवन पटेल के विरूद्ध अपराध कायम कर पीड़ति महिला का कथन लिया गया ।

## व्यापारियों के अनुरोध पर मिली जगह खाली करने की मोहलत

# सर्किट हाउस के करीब अवैध व्यावसायिक कब्जे हटाने पहुंचा निगम अमला, समझाइश देकर लौटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़





व्यापारियों को समझाइश देते निगम के अफसर।

बुधवार शाम शहर के सर्किट हाउस के करीब बढते अवैध अतिक्रमण पर निगम का तोड़ू दस्ता पूरी तैयारी के साथ कार्रवाई करने उतरा था जिसे देख गरीब व्यवसायी इतन घबरा गये कि अतिक्रमण ध्वस्त करने पंहुचे निगम के अधिकारियों के आगे करजोरी करते नजर आए। निगम प्रशासन के अतिक्रमण प्रभारी सूरज देवांगन ने काबिज व्यवसायियों को कड़े शब्दों में स्वतः ही व्यवसाय समेटने व जगह खाली करने की समझाईश दी वहीं व्यवसायियों ने भी मोहलत मांगते हुए जल्द अपना सामान समेटने का भरोसा दिलाया।

गौरतलब है कि सर्किट हाउस के पास सडक के दोनो ओर व्यवसायिक कब्जा है और करीब मे स्थित विद्यालय ये खुलने ओर छुट्टी के दौरान भीड़ बढ जाने से आवागमन भी बाधित होता है। इसके अलावा इस क्षेत्र में शासन की रिक्त भूमि पर लघु व्यवसायियों के अलावा भू माफियाओं का भी कब्जा लगातार बढ रहा है। सूत्र बताते हैं कि दबंग और झगडालू किस्म के लोग इस क्षेत्र में व्यवसाय की जगह और कब्जा दिलाने के एवज में मोटी रकम वसूल रहे हैं। गौरतलब है कि नगर निगम ने इससे पहले भी सर्किट हाउस व मरीन ड्राईव मार्ग में अवैध अतिक्रमण पर तोडफोड की कार्रवाई करते आ रहा है किंतु कार्यवाही के कुछ समय बाद कब्जाधारी दोबारा अवैध अतिक्रमण कर काबिज हो जाते हैं। यही वजह है कि साल भर पहले हर शुक्रवार अवैध अतिक्रमण पर निरंतर कार्रवाई के बावजूद हर चौक चौराहों पर व्यवसायिक कब्जा पहले से दोगुना हो गया है। अवैध कब्जे ने न केवल शहर की सडकों का दायरा संकुचित कर दिया है बल्कि नगर को बदसूरत भी बना दिया है।

शहर में निर्धारित बाजार स्थल नहीं होने और निगम के ही चंद छुटभैये नेताओं और प्रशासनिक कर्मचारियों की सह पर लगातार बाजार और रिहायशी इलाकों में अवैध अतिक्रमण बदस्तूर जारी है। बहरहाल सर्किट हाउस क्षेत्र में काबिज व्यवसाय करने वाले व्यवसायियों ने निगम प्रशासन से मोहलत मांग ली है और उन्हें समय भी मिल गया है, लेकिन इस पर दोनो पक्षों की ओर से एक्शन कब तक और कितना कारगर होता है और इलाका अतिक्रमण मुक्त होता है या नहीं ! यह देखने वाली बात होगी।



## जैवविविधता को, देश-दुनिया के लोग जाने व समझें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

आपका जिला जशपुर बहुत सुंदर है, जिसे देखने अब यहां बड़ी संख्या में पर्यटक भी आ रहे हैं, हमारा भी प्रयास है कि जशपुर का नाम यहां की संस्कृति, यहां की सभ्यता और यहां की समृद्ध जैव विविधता को, देश-दुनिया के लोग जाने-समझें, इसके लिए जिला प्रशासन ने जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ यहां की नैसर्गिक सुंदरता यहां की बायोडायवर्सिटी को संरक्षित करते हुए पर्यटन और साहसिक गतिविधियों को बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है जिसमें आप सबका सहयोग नितांत आवश्यक है। यह बातें सोमवार को जशपुर जिला मुख्यालय के भागलपुर-बरटोली स्थित सद्भावना मंडप में आयोजित जशपुर जिला पत्रकार संघ द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए जिले के कलेक्टर रवि मित्तल ने कहा। इस कार्यक्रम में शामिल होने जिले भर से आए हुए पत्रकारों को बधाई देते हुए कलेक्टर रवि मित्तल ने कहा कि आप सभी के माध्यम से हमारे तक बहुत सी जानकारियां पहुंचती हैं, साथ ही शासन प्रशासन की सभी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का काम भी आपकी के द्वारा बखूबी किया जाता है जिसके लिए आप सब धन्यवाद के पात्र हैं। इस अवसर पर जिले के पुलिस कप्तान शशि मोहन सिंह, जशपुर डीएफओ जितेन्द्र उपाध्याय, प्रशिक्षु आईएफएस निखिल अग्रवाल, जिले के एडिशनल एसपी अनिल सोनी, जशपुर के जनसम्पर्क अधिकारी अजित एक्का मौजूद रहे।

■ जिला प्रशासन कर रहा काम

## विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



प्रशिक्षण देते हुए मास्टर ट्रेनर्स।

लोकसभा निर्वाचन 2024 के सुचारू, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के लिए जिले के विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का प्रशिक्षण सभी मतदान केन्द्रों के पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक, दो, तीन को प्रशिक्षित करने के लिए मास्टर ट्रेनरों का जिला स्तरीय प्रशिक्षण जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रोफेसर डीआर राठिया, प्रोफेसर टीआर पाटले, प्रोफेसर विनायक साय, डॉ एसके मारकंडे ने जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार,अपर कलेक्टर आईएल ठाकुर, एसडीएम प्रशांत कुशवाहा, संयुक्त कलेक्टर आरएस लाल, डिप्टी कलेक्टर विश्वास मास्के के उपस्थिति में निर्वाचन प्रक्रिया के प्रत्येक पहलुओं को बारीकी से समझाया। प्रशिक्षण में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र विधानसभा क्रमांक 12 जशपुर, 13-कुनकुरी एवं 14-पत्थलगांव के समस्त विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स शामिल हुए। प्रशिक्षण में पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी एक दो तीन के दायित्व क्या होता है के संबंध में व्यापक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में मतदान पूर्व मॉक पोल कैसे करें, मॉक पोल पश्चात ईवीएम, कंट्रोल यूनिट, मतदान यूनिट एवं वीवीपीएटी के संचालन एवं सीलिंग कैसे किया जाता है के संबंध में प्रायोगिक जानकारी दी गई। मतदान दिवस के दिन पीठासीन अधिकारी एवं मतदान दल एक दो तीन के दायित्व की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण उपरांत मास्टर ट्रेनर की परीक्षा ली गई तथा विभिन्न संदेह को दूर किया गया। जिले में रायगढ़ लोकसभा अंतर्गत 7 मई को मतदान होगा जिसके लिए सभी पात्र मतदाताओं को वोटर आईडी एवं अन्य पहचान पत्र लाना अनिवार्य होगा। जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने मास्टर ट्रेनर को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि मतदान दलों को निर्वाचन प्रक्रिया के सभी पहलुओं का प्रायोगिक जानकारी दें जिससे मतदान दलों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो।

## शत-प्रतिशत मतदान के लिए छात्र-छात्राओं ने ली शपथ

**जशपुरनगर।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान प्रतिशत शत-प्रतिशत रहे, इसके लिए जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत जिले भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में जनपद पं कुनकुरी के बन्दचुआ, आरा, महादेवडांड जनपद पंचायत बगीचा सहित अन्य ग्रामों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। महादेवडांड में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। जागरूकता रैली के जरिये सभी मतदाताओं को मताधिकार का महत्व बताते हुए मतदान के प्रति जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान महिलाओं ने बैनर, पोस्टर और स्लोगन के साथ लोगों को मतदान के लिए जागरूक किया। वही आरा स्थित शासकीय महाविद्यालय मेंआयोजित कार्यक्रम में नए युवा मतदाताओं को मतदान संबंधी जानकारी देते हुए आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान के लिए दिलाई गई शपथ। इसी तरह स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत बन्दचुआ सहित अन्य स्थानों पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेहँदी एवं रंगोली कार्यक्रम में महिलाओं ने अपनी भागीदारी दिखाई वही रैली निकालते हुए हाथों में तख्ती लेकर वोट की ताकत, पहचानो मतदाता, मजबूत प्रजातंत्र से इसका नाता, हमारा आह्वान करें मतदान, जैसे संदेश लेकर शहर में रैली निकाली।

## रासेयो द्वारा किया जा रहा मतदाताओं को जागरूक

**जशपुरनगर।** आगामी लोकसभा निर्वाचन को देखते हुए स्वीप प्लान के तहत शतप्रतिशत मतदान हेतु शासकीय रामभजन राय एनईएस महाविद्यालय, जशपुर के स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओ को मतदान शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ.विजय रक्षित के प्रेरणा, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.विनय तिवारी एवं प्रिंसी कुजूर और स्वीप नोडल अधिकारी गौतम सूर्यवंशी के मार्गदर्शन में स्वयंसेवकों द्वारा आगामी लोकसभा निर्वाचन हेतु विभिन्न स्तर पर मतदाता जागरुकता आभियान चलाया जा रहा है। कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवक ऐसे समय में जब विश्वविद्यालयीन परीक्षाये चल रही है उसमे समय निकालकर अपने अपने ग्राम, मोहल्लों मे विभिन्न तरीकों से मतदाता जागरूकता का कार्य कर रहे है। स्वयंसेवक हेमराज नारा लेखन के माध्यम से कर रहे मतदाताओ को जागरुक कॉलेज के रासेयो स्वयंसेवक हेमराज राम मनोरा ब्लॉक के सुदूर वनांचलों वाले गांवों में जाकर ग्रामवासियों को उनके मताधिकारों के संबंध में निरंतर जागरूक कर रहे हैं। इसी क्रम में हेमराज राम ने धसमा, माटापारा, करदना जैसे ग्राम जहां पर्याप्त

■ मतदाता जागरूकता शतप्रतिशत मतदान हेतु छात्रों ने ली शपथ




डिजिटल सुविधा उपलब्ध नहीं है, में बड़े पैमाने पर नारा लेखन एवं वार्तालाप के माध्यम से ग्रामीणों को निष्पक्ष तथा स्वतंत्र मतदान करने हेतु प्रेरित करने का कार्य किया। ग्राम के युवाओं ने मतदाता जागरुकता में अपना अहम योगदान देने की बात कही। रासेयो स्वयंसेवक हेमराज राम ने मतदाता जागरूकता के लिए मनोरा ब्लॉक के दूरस्थ गांवों में जाकर तरह तरह के नारा लेखनकर मतदाता जागरुकता में अपना अहम योगदान दे रहे है। हेमराज ने कहा कि निर्वाचन संपन्न होने तक ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक करने का उनका यह अभियान व्यक्तिगत स्तर पर जारी रहेगा साथ ही महाविद्यालय में महापरिषद के अध्यक्ष होने के नाते भी कॉलेज के छात्र-छात्राओं को अपने निवास स्थल पर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करने हेतु आह्वान किया।

## प्राथमिक प्रसंस्करण की दो दिवसीय कार्यशाला

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन द्वारा प्राथमिक प्रसंस्करण की दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजना 03 एवं 04 अप्रैल 2024 को किया जा रहा है। जिसमें जिले के अग्रणी वनोपज संग्राहक, करसन उत्पादक संगठनों के किशन, महाराष्ट्र के जावर से आए कृषक, जशपुर के पड़ोसी जिले सिमडेगा के किसान प्रशिक्षण का लाभ लेंगे। विगत वर्षों से जिला प्रशासन द्वारा महुआ प्रसंस्करण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास को राज्य में ही नहीं बल्कि अन्य राज्यों में भी साराहा जा रहा है, जहां आदिवासी समुदाय महुआ से शराब बनाने के प्रक्रिया से अलग होकर महुआ फूल से विभिन्न स्वादिष्ट एवं पौष्टिक खाद्य सामग्री बनाकर आय अर्जन कर रहे हैं। इस प्रयास को समीप के झारखंड राज्य के सिमडेगा जिला पुलिस प्रशासन द्वारा वहां के जन समुदाय विशेष कर महिला स्वयं सहायता समूह को प्रशिक्षित करना चाह रही है इसी क्रम में महाराष्ट्र से आए हुए आदिवासी क्षेत्र के सदस्य के साथ- साथ सिमडेगा जिले के स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का प्रशिक्षण रखा जा रहा है। इस प्रयास से ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में महुआ प्रसंस्करण से खाद्य सामग्री तैयार कर रोजगार उत्पन्न करने के क्षेत्र में बल मिलेगा। कार्यशाला में जिले के खाद्य प्रसंस्करण सहलाकर एवं युवा वैज्ञानिक समर्थ जैन, जय जंगल फार्मर्स प्रोडूसर कंपनी के प्रशिक्षक प्रकाश नायक, फुल्जेंस टोप्पो, केन्द्पनी के जागरूक महुआ संग्राहक कर्णपाल सिंह प्रशिक्षण देंगे।

■ महाराष्ट्र एवं पड़ोसी जिले सिमडेगा के किसान लेंगे प्रशिक्षण का लाभ



## बिजली की अघोषित कटौती और लो बोल्टेज से क्षेत्रवासी हलाकान

**कोतबा।** भीषण गर्मी में बिजली की अंधाधुंध कटौती ने जीना मुहाल कर दिया है। दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षा के दौरान भी बिजली विभाग की उदासीनता से परीक्षार्थी बहुत परेशान हुये थे.उनका कहना था कि उन दिनों से लेकर होली पर्व के बाद भी व्यवस्था में सुधार नहीं आया हैं। अब शहरी क्षेत्रों में बिजली विभाग की लापरवाही सर चढ़कर बोल रहा है तो देहात क्षेत्र को भी नाममात्र बिजली मिल पा रही है। क्षेत्रवासियों ने विद्युत व्यवस्था सुचारू करने की मांग की है। सरकार के दिशा-निर्देश के बाद भले ही ऊर्जा निगम द्वारा बिजली आपूर्ति सुधारने के दावे किए जा रहे हों, लेकिन हकीकत इससे अलग है। आलम यह है कि दिन भर बिजली की आंख-मिचौली बनी है। ऊपर से लो वोल्टेज की समस्या कोढ़ में खाज का काम कर रही है। बिजली कटौती से जहां लोग गर्मी में बेहाल हैं। वहीं, लो वोल्टेज के चलते फ्रीज, एसी आदि विद्युत उपकरण शोपीस बने हुए है। कमोबेश यही स्थित ग्रामीण अंचल की है। यहां भी दिनभर बिजली की आवाजाही रहती है, जिससे किसान परेशान है और उनके पानी के ट्यूबवैल नहीं चल पा रहे है। इससे किसानों की फसलों को खासा नुकसान हो रहा है। अंधाधुंध हो रही बिजली कटौती से क्षेत्रवासियों में विद्युत विभाग के प्रति रोष व्याप्त है। विद्युत विभाग के कर्मचारियों का कहना है कि शेड्यूल के मुताबिक बिजली आपूर्ति की जा रही है।

## मतदान के लिए जिले में मतदाता जागरूकता अभियान

**जशपुरगनर।** जशपुर कलेक्टर रवि मित्तल के मार्गदर्शन में लोकसभा निर्वाचन में शतप्रतिशत मतदान करने के लिए जिले में जगह जगह लगातार मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में आज जिला प्रशासन, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत, ग्रामीणों के द्वारा जनपद पंचायत कुनकुरी के अंतर्गत बन्दरचुंवा में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस अवसर पर यहाँ विभिन्न कार्यक्रम के जरिये नागरिकों को मतदान का महत्व बताया गया। मानव श्रृंखला बनाकर राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया। मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम के तहत बिहान समूह की महिलाओं के साथ रैली निकाल करबंदरचुंवा पंचयात भवन से शुरुआत कर बस स्टैंड अटल चौक पहुंच कर सभी को प्रेरितकारी संदेश के माध्यम से एक एक मतदान के महत्व को रेखांकित किया गया। मतदान जरूर करने शपथ दिलाया गया।




### मतदान के लिए लिया गया शपथ

हम, भारत के नागरिक, लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परंपराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए, निर्भीक होकर, धर्म, मूलवंश, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे इस अवसर पर सरपंच, पंचयात सचिव कृष्ण यादव, श्रीमती दिप मिंज, जंबी कौसर, दोकडा पुलिस स्टाफ, बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित थे।

### छेड़खानी मामले में दो गिरफ्तार, भेजे रिमांड पर

**रायगढ़।** सिटी कोतवाली रायगढ़ की पुलिस द्वारा बालिका से छेड़खानी और उसके घरवालों से गाली गलौच अभद्रता करने वाले दो आरोपी. भानू अधिकारी उर्फ अर्जुन अधिकारी पिता स्वर्गीय गणेश बहादुर उम्र 50 साल, विवेक चंद्रा उर्फ विक्की पिता स्व. मोहपाल चंद्रा उम्र 48 साल निवासी ढिमरापुर नया जगतपुर वार्ड क्रमांक 4 थाना कोतवाली जिला रायगढ़ को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

### धारदार हथियार लहराते युवक गिरफ्तार

**रायगढ़।** सोमवार 1 अप्रैल के शाम थाना धरमजयढ़ अंतर्गत ग्राम उदउदा बैगापारा में एक व्यक्ति के द्वारा गांव बस्ती में खुली तलवार लेकर रास्ते से आने जाने वाले लोगों को डराने धमकाने की सूचना थाना प्रभारी धरमजयगढ़ निरीक्षक कमला पुसाम को मिली। तत्काल थाना प्रभारी द्वारा थाने से सहायक उप निरीक्षक डेविड टोप्पो के आरक्षक तिरिथ राठिया और दिलेश चन्द्रा को मौके के लिए रवाना किया गया।

## पृष्ठ 1 का शेष

### रौतिया समाज ने...

उन्होनें सभी सैनिकों को मार-काट कर धरासाई कर दिया। पूरा पहाड़ रक्त रजीत हो गया। लड़ाई ऐसा था, कि बख्तर साय को पकड़ने के लिए सैनिक पहाड़ में चढ़ते थे तो ऊपर से बड़े-बड़े पत्थर लुढ़काते और वहीं खून की नदी बह गई। आज भी उस जगह को रका तालाब के नाम से पुकारते हैं।अंग्रेजों की चाल में फसें शुरवीरः अंग्रेज हुकूमत उनकी वीरता से तिलमिलाई और हजारों सैनिक बुलाया। पूरा पहाड़ बदूंकों की गोली से गरजने लगा लेकिन अंग्रेजों ने दोनों का कुछ नही बिगड़ सके। वीर बख्तर साय को अंग्रेजो के सैनिकों से घिरा सुनकर वीर मुंडन सिंह पनारी से उनके सहयोग के लिए बांसदेवकोना पहुंचे। दोनो वीरों ने अंग्रेज सेना को तबाह कर दिया। अंग्रेजों ने अपने को असफल देख एक कूटनीति चाल चली जहां का वें पानी पीते थे पानी की धारा में ऊपर की तरफ से गाय को मारकर पानी में फेंक दिए और पानी को अशुद्ध कर दिया। जिससे बांसदेवकोना के पहाड़ से दोनो वीर जुरतेला के पास डुगूल पहाड़ आ गये। कहते हैं राजा के सहयोग से उन दोनों वीरों को धोखा देकर अंग्रेजो से पकड़वाया गया और उहें कैद करके हजारीबाग होते हुए कलकत्ता के जेल में पहुंचाये और 04 अप्रैल 1812 ई को दोनो वीर को कलकत्ता के विक्टोरिया मेमोरियल हाल में फांसी की सजा दी गई।

### पुलिस अधीक्षक ने ...

बेतरतीब वाहन खड़े रहते हैं, इससे दुर्घटना होने की प्रबल संभावना रहती है, इसलिये निर्धारित पार्किंग स्थल का चयन कर वाहनों को खड़ी करने हेतु कहा गया। उक्त मीटिंग में पुलिस अधीक्षक जशपुर के अतिरिक्त, एसडीओपी पत्थलगांव ध्रुवेश कुमार जायसवाल, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक भानूप्रताप चंद्राकर सहित पत्थलगांव के समस्त होटल, ढाबा एवं लॉज संचालक उपस्थित थे। शशि मोहन सिंह पुलिस अधीक्षक जिला-जशपुर (छ.ग.) द्वारा कहा गया है किः- जिले के समस्त होटल, ढाबा एवं लॉज संचालक अवैध गतिविधियों में सम्मिलित न हों, पुलिस का साथ देवें। किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां पाई जाती है तो नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जावेगी। पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह द्वारा पत्थलगांव के समस्त होटल, ढाबा एवं लॉज संचालकों की बैठक ली गई बैठक में संचालकों को सुरक्षा संबंधी समस्त उच्च मापदंड का पालन करने एवं दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु कहा गया।







